**जे बी अकादमी अयोध्या वार्षिक परीक्षा २०२३**

**समय- 3 घंटे** **कक्षा- 9 विषय- हिन्दी कोर्स-अ** **पूर्णांक-80**

**सामान्य निर्देश *इस प्रश्नपत्र में कुल तीन खण्ड हैं|**

**क -अपठित गद्यांश ,काव्यांश ,व्याकरण एवं साहित्य ख - साहित्य ग -लेखन**

***इस प्रश्न पत्र में दो तरह के प्रश्न पूछे गए हैं खण्ड क -बहुविकल्पीय प्रश्न 40अंक तथा खण्ड -ख एवं ग वर्णनात्मक प्रश्न 40अंक**

***सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |**

***प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उनके अंक दिए गए हैं |**

***लिखते समय वर्तनी तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें|**

**खण्ड -क अपठित गद्यांश ,काव्यांश ,व्याकरण एवं साहित्य**

**प्रश्न 1 -निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें - 1x5=5**

किन्तु खेतीबारी करते, परिवार रखते भी, बालगोबिन भगत साधु थे- साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरने वाले | कबीर को साहब मानते थे उन्ही के गीतों को गाते,उन्ही के आदेशों पर चलते| कभी झूठ नही बोलते खरा व्यवहार रखते किसी से भी दो टूक बात करने में संकोच नही करते, न किसी से खामखाह झगडा मोल लेते | किसी की चीज नही छूते, न बिना पूछे व्यवहार में लाते | इस नियम को कभी-कभी इतनी बारीकी तक ले जाते कि लोगों को कुतूहल होता| कभी वह दूसरे के खेत में शौच के लिए भी नही बैठते | वह गृहस्थ थे लेकिन उनकी सब चीज साहब की थी | जो कुछ खेत में पैदा होता सर पर लादकर उसे साहब के दरबार में ले जाते | जो उनके घर से चार कोस दूर था- एक कबीर पंथी मठ,वह दरबार में 'भेंट' रख लिए जाने के बाद प्रसाद रूप में जो उन्हें मिलता उसे घर लाते और उसी से गुजर चलाते |

क - लेखक ने बालगोबिन भगत को साधु क्यों कहा -

i- वे साधुओं की वेशभूषा पहनते थे ii- हर समय तपस्या में लीन रहते थे |

iii- मोह-माया से दूर रहते थे iv- साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरते थे|

ख- बालगोबिन का कौन सा कार्य-व्यवहार लोगों के अचरज का विषय था -

i-नियमों और सिद्धांतों का गहराई से पालन करना ii- हर समय कबीर के भजन गाना

iii-अपना काम स्वयं करना iv- इनमे से कोई नही |

ग- बालगोबिन कबीर के आदर्शों पर चलते थे;क्योंकि-

i- कबीर भगवान का रूप थे ii- वे कबीर को अपना साहब मानते थे

iii-कबीर उनके गाँव के मुखिया थे iv-कबीर एक कवि थे

घ-भगत अपने खेत का सारा अनाज पहले किसे भेंट करते थे-

i- ग़रीबों को ii- साधुओं को iii- कबीरपंथी मठ को iv- अपने सगे संबंधियों को

ड.-भगत की विशेषता नही है-

i- वे कभी झूठ नही बोलते थे ii- सबसे खरा व्यवहार रखते थे

iii- किसी से भी झगडा मोल नही लेते थे iv- स्वार्थी थे

**प्रश्न 2-निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें- 1x5= 5**

ऊधौ, तुम हौ अति बड़भागी।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।
ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।
प्रीति-नदी मैं पाउँ न बोर्‌यौ, दृष्टि न रूप परागी।
'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी।

1. **गोपियाँ किसे भाग्यवान कह रही हैं–**
   (क) श्रीकृष्ण को (ख) उद्धव को
   (ग) स्वयं को (घ) ब्रजवासियों को।
2. **गोपियों ने उद्धव के व्यवहार की तुलना की है–**
   (क) कड़वी ककड़ी से
   (ख) कमल के फूल से
   (ग) कमल के पत्ते और तेल की गागर से
   (घ) तालाब में रहने वाले मगरमच्छ से।
3. **गोपियों की दशा किसकी भाँति हो गई है–**
   (क) जाल में फँसे पक्षी जैसी (ख) नदी में डूबती नाव जैसी
   (ग) गुड़ में चिपकी चींटी जैसी (घ) प्यासे हिरन जैसी।
4. **तेल की गागर की क्या विशेषता होती है–**
   (क) वह तेल से भरी होती है
   (ख) उस पर जल की एक बूँद भी नहीं टिकती
   (ग) वह बहुत भारी हो जाती है
   (घ) वह हाथ से फिसल जाती है।
5. **काव्यांश की भाषा है–**
   (क) ब्रजभाषा (ख) अवधी भाषा
   (ग) खड़ीबोली (घ) राजस्थानी।

**प्रश्न3- निम्लिखित शब्दों में सही प्रत्यय व उपसर्ग बताएँ - 4**

**क-** दुराचार, पढ़ाकू

i- दु, अकू ii- दूर, क
iii- दुर, आकू iv- इनमे से कोई नहीं

**ख - पुजारी, खिलौना**

**i-** री, ना ii- आरी, औना iii- ई, ओना iv- इनमे से कोई नहीं

**ग -'सज्जन' शब्द में उपसर्ग और मूल शब्द बताएँ**

i- सत, जान ii- स, जन iii- सत, जन iv- सा, जन

**घ- 'प्रत्येक' शब्द में उपसर्ग और मूल शब्द बताएँ**

i- परि, एक ii- प्र , तेक iii- प्रति, इक iv- प्रति, एक

**प्रश्न 4-(i)निम्नलिखित शब्दों में सही समास विग्रह चुने –** **4**

**क-** शताब्दी

**i-** दस वर्ष का समूह ii- सौ वर्षों का समूह

iii- सात सौ वर्षों का समूह iv- इनमे से कोई नहीं

**ख-** पनचक्की

i- पानी की चक्की ii- पानी के लिए चक्की

iii- पानी से चक्की iv- पानी और चक्की

**(ii)- निम्नलिखित शब्दों में समास का भेद बताएँ -**

**क** - तुलसीकृत

i- अव्ययीभाव समास ii- द्विगु समास

iii- द्वंद्व समास iv- तत्पुरुष समास

**ख** – महेश

i- बहुव्रीहि समास ii- द्विगु समास

iii- तत्पुरुष समास iv- कर्मधारय समास

**प्रश्न 5-(i) अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों की पहचान करके उनके भेद लिखिए:-** **4**

**क-** महात्मा जी ने देश को स्वतंत्र कराया |

i- संकेत वाचक ii- सन्देश वाचक iii- विधान वाचक iv- इच्छावाचक

**ख-** जब भूख लगेगी तो मै खुद खा लूँगा |

i- विधान वाचक ii- आज्ञा वाचक iii- संकेत वाचक iv- इनमे से कोई नहीं

**(ii) निम्नलिखित वाक्यों में सही वाक्य परिवर्तन चुने-**

क- मोहन दरवाजे पर खड़ा है | वाक्य में सही संदेह वाचक वाक्य है)

i- शायद मोहन दरवाजे पर खड़ा है | ii- मोहन दरवाजे पर नही खड़ा है |

iii- वाह!मोहन दरवाजे पर खड़ा है iv- इनमे से कोई नहीं

ख- अरे! सुरेश स्कूल जायेगा | वाक्य में सही निषेधवाचक वाक्य है-

i- अरे! सुरेश स्कूल नही जायेगा ii- सुरेश स्कूल नही जायेगा

iii- सुरेश कब स्कूल जायेगा iv- इनमे से कोई नहीं

**प्रश्न-6 निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों की पहचान कर उनके नाम लिखिए-** **4**

**क-** चांदी की सी उजली जाली |

i- अनुप्रास अलंकर ii- श्लेष अलंकर iii- उत्प्रेक्षा अलंकर iv- उपमा अलंकार

**ख-** तेरी बरछी ने बर छीने हैं खलन के |

i- यमक अलंकर ii- श्लेष अलंकर iii- अनुप्रास अलंकर iv- उपमा अलंकर

**ग-** उदित उदय गिरि मंच पर रघुबर बाल पतंग|
विकसे संत-सरोज सब,हरषे लोचन भृंग ||

i- उपमा अलंकर ii- श्लेष अलंकर iii- उत्प्रेक्षा अलंकर iv- रूपक अलंकार

**घ** - विमल वाणी ने वीणा ली कमल कोमल कर |

i- अनुप्रास अलंकर ii- रूपक अलंकार iii- उत्प्रेक्षा अलंकर iv- श्लेष अलंकर

**प्रश्न - 7 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें - 1x5=5**

विलासिता की सामग्रियों से बाज़ार भरा पड़ा है जो आपको लुभाने की जी तोड़ कोशिश में निरंतर लगी रहती हैं|दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुओं को ही लीजिये| टूथपेस्ट चाहिए? यह दाँतों को मोती जैसा चमकीला बनाता है,यह मुँह की दुर्घंध हटाता है| यह मसूड़ों को मजबूत करता है और यह पूर्ण सुरक्षा देता है | वह सब करके तीन चार पेस्ट अलग-अलग करते हैं, किसी पेस्ट का मैजिक फार्मूला है | कोई बबूल व नीम के गुणों से भरपूर है, कोई ऋषि मुनियों द्वारा स्वीकृत तथा मान्य वनस्पति और खनिज तत्वो के मिश्रण से बना है| जो चाहे चुन लीजिये | यदि पेस्ट अच्छा अच्छा है तो ब्रश भी अच्छा होना चाहिए |आकार, रंग, बनावट,पहुंच और सफाई की क्षमता से में अलग-अलग एक से बढ़कर एक | मुँह की दुर्गन्ध से बचने के लिए माउथवाश भी होना चाहिए सूची और भी लम्बी हो सकती पर इतनी चीजों का ही बिल काफी बड़ा हो जायेगा |

क- उपर्युक्त गद्यांश के लेखक हैं -

i- श्यामचार दुबे ii- श्यामचरण दुबे iii- श्यामचारण दुबे iv- श्यामाचरण दुबे

ख- उपर्युक्त गद्यांश किस विधा में है -

i- कहानी ii- व्यंग्य

iii- संस्मरण iv- इनमे से कोई नहीं

ग- बाज़ार किससे भरा है-

i- काम न आने वाली चीजों से ii- विलासिता की चीजों से

iii- बेकार की चीजों से iv- इनमे से कोई नही

घ- पेस्ट अच्छा होने से और क्या अच्छा होना चाहिए -

i- व्यवहार ii- ब्रश और साबुन iii- शैम्पू और क्रीम iv- इनमे से कोई नही

ड. मैजिक फार्मूला किसका है -

i- क्रीम का iii- टूथपेस्ट का

iii- माउथ वाश का iv- सभी का

प्रश्न 8- **निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़े और सही उत्तर दें - (पठित पाठों के आधार) 1x2 =2**

**क-** 'भरिया' शब्द का सही अर्थ है -

i- भार न उठाने वाला ii- क्रोध करने वाला

iii- भिक्षा मांगने वाला iv- भार ढोने वाला

ख- " वे गहराई में जाकर अध्ययन करते थे तथा सच्चाई को सामने लाकर रख देते थे" पंक्ति किस पाठ से है -

i- दो बैलों की कथा ii- उपभोक्तावाद की संस्कृति

iii- ल्हासा की ओर iv- साँवले सपनो की याद

**प्रश्न 9 निम्नलिखित पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें - 1x5=5**

पेड़ झुक झाँकने लगे गरदन उचकाये
आँधी चली, धूल भागी घाघरा उठाये
बांकीचितवन उठा नदी, ठिठकी, घूँघट सरके।
बूढ़े पीपल ने आगे बढ़ कर जुहार की
'बरस बाद सुधि लीन्ही' बोली अकुलाई लता ओट हो किवार की
हरसाया ताल लाया पानी परात भर के।

क्षितिज अटारी गदरायी दामिनि दमकी
'क्षमा करो गाँठ खुल गयी अब भरम की'
बाँध टूटा झर-झर मिलन अश्रु ढरके
मेघ आये बड़े बन-ठन के, सँवर के।

क- पेड़ झुक झाँकने लगे गरदन उचकाये
आँधी चली, धूल भागी घाघरा उठाये - पंक्ति में कौन सा अलंकार है -
i- रूपक अलंकार ii- उत्प्रेक्षा अलंकार
iii- मानवीकरण अलंकार iv- इनमें से कोई नही

ख- क्षितिज अटारी गदरायी दामिनि दमकी ॥ पंक्ति में 'दामिनि" शब्द किसका पर्यायवाची है-
i- बिजली ii- पहाड़
iii- नदी iv- बादल

ग- बूढा पीपल किसका प्रतीक है -
i- गाँव का आदमी ii- घर के बुजुर्ग
iii- ससुर iv- इनमे से कोई नही

घ- उपर्युक्त काव्यांश के कवि हैं -
i- सर्वेश्वरदयाल सक्सेना ii- सर्वेश्वरदयल सक्सेना
iii- सर्बेषर दयाल सक्सेना iv- इनमे से कोई नहीं

ड.- लता रूपी नायिका ने क्या उपालंभ दिया-
i- खूब सुधि लिए ii- बड़े दिनों के बाद सुधि लिया
iii- रोज आते हो iv- इनमे कोई नहीं

**प्रश्न-10 निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़े और सही उत्तर दें - 1x2 =2**

क- लिपटीं जिससे रवि की किरणें
चांदी की सी उजली जाली | पंक्ति में सूर्य की किरणें कैसी प्रतीत होती हैं-
i- नीले चादर ii- हरे जाली
iii- सफ़ेद जाली iv- लाल जाली

ख- -कवि ने ब्रिटिश राज का गहना किसे कहा है-
i- हथकड़ियों एवं बेड़ियों को ii- सोने के जंजीरों को
iii- जेल को iv- लोहे एवं चांदी के जंजीरों

## खण्ड- ख

**प्रश्न-11क्षितिज गद्य पाठों के आधार पर दिए गए निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें - 2x3=6**

**क-** यदि हीरा और मोती को ईश्वर ने बोलने की शक्ति दी होती तो वे झूरी से क्या पूछते ?

ख- लेखक ने ऐसा क्यों कहा कि सबेरे ही चल दिए होते तो अच्छा होता ?

ग- मुझे नही लगता कोई इस सोये हुए पक्षी को जगाना चाहेगा| इस कथन में लेखक ने किसके लिए पक्षी शब्द का प्रयोग किया है और क्यों? कोई उस पक्षी को क्यों नही जगाना चाहेगा ?

घ- महादेवी गाँधी जी के पास कटोरा लेकर क्यों गयी थीं ? उन्हें बापू को कटोरा क्यों देना पड़ा ?

**प्रश्न-12 क्षितिज पद्य पाठों के आधार पर दिए गए निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें - 2x3= 6**

**क-** कबीर सच्चा प्रेमी किसे मानते है ?

ख- 'ज्ञानी है तो स्वयं को जान' से कवयित्री का क्या तात्पर्य है ?

ग- 'मोर पखा सर ऊपर राखिहों'| सवैये के आधार पर श्रीकृष्ण के रूप सौन्दर्य का वर्णन कीजिये |

घ- गाँव को 'मरकत डिब्बे सा खुला' क्यों कहा है?

**प्रश्न- 13 कृतिका के आधार पर निम्नांकित प्रश्नों में किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर (50-60शब्दों में) दें- 4x2= 8**

**क-** एकांकी के आधार पर गोपाल प्रसाद की चारित्रिक विशेषताएं बताइए |

**ख-** डराने धमकाने, उपदेश देने या दबाव डालने की जगह सहजता से किसी को भी सही राह पर लाया जा सकता है' मेरे संग की औरतें पाठ के आधार पर तर्क सहित विस्तार से उत्तर दीजिए ?

**ग-** आपने 'इस जल प्रलय में ' नामक पाठ को पढ़ा है उसी के आधार पर हाल ही में अपनी देखी-सुनी किसी आपदा का वर्णन कीजिये

**(खण्ड- ग लेखन )**

**प्रश्न-14 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखें - 6x1=6**

**क- दहेज प्रथा एक सामाजिक अपराध है**

(संकेत बिंदु i- दहेज का अर्थ ii- दहेज का दुष्परिणाम iii- iv- दहेज रोकने के उपाय iv- उपसंहार

**ख- आज की बचत कल का सुख**

संकेत बिंदु - i- भौतिकवादी दृष्टिकोण तथा धन का बढ़ता प्रभाव ii- बचत के विभिन्न साधन iii- बचत के लाभ iv- उपसंहार

**ग- मेरे जीवन का लक्ष्य**

संकेत बिंदु - i- लक्ष्य तथा प्रयत्न ii - कार्य प्रणाली iii - दृढ़ इच्छा सौदा iv- उपसंहार

**प्रश्न15-** अपने विद्यालय में नवीनतम खेल सामग्री मंगवाने हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखें - **5**

अथवा

आपके विद्यालय में अंतर विद्यालयीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे आपके मित्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया अपने मित्र को बधाई पत्र लिखें-

**प्रश्न- 16 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लेखन करें- 5**

**क-** मन के हारे हार है, मन के जीते जीत **ख-** राष्ट्रीय एकता **ग-** प्रेम का प्रतिफल

**अथवा**

**आपका नाम अनामिका /अमित है | आपने अपना खराब लैपटॉप ठीक होने के लिए कंपनी के सेवा केंद्र पर दिया, पर एक सप्ताह बीत जाने पर वापस नहीं मिला उसे जल्दी प्राप्त करने के लिए कंपनी के मैनेजर को ई-मेल लगभग 80 शब्दों में लिखें**

**प्रश्न-18 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में संवाद लेखन करें- 4**

**क- दो पड़ोसियों के मध्य हुए विवाद को संवाद के रूप में लिखिए |**

**ख-** टिकट निरीक्षक और यात्री के मध्य संवाद लिखें-